# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-2 अंक-161 सागवाड़ा, रविवार, 12 जनवरी, 2023 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# सागवाडा पुलिस को धन्यवाद... लुट की नियत से पत्थरबाजी कर वाहनों के शीशे फोडने वाली गैंग को पकड़ा

## निलेश नामक मुख्य अभियुक्त ने अपनी गैंग मे 3 अवयस्क बालको सहित कुल 10 बदमाशो को जोडा था, 4 गिरफ़्तार, जिसमें 3 बाल अपचारी, 3 फरार

**सागवाडा।** पुलिस ने लुट की नियत से पत्थरबाजी कर वाहनो के शीशे फोडने वाली गैंग का खुलासा करते हुए मुख्य अभियुक्त निलेश सहित गैंग को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत ने बताया कि उक्त प्रकरण में मुख्य अभियुक्त निलेश ने 3 अवयस्क बालको सहित कुल 10 बदमाशो को अपनी गैंग में जोड कर घटना को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज होने के 8 घण्टे में 3 विधि से संघर्षरत बालको को निरूद्ध कर 4 लोगों को गिरफ्तार किया वही शेष 3 फरार है। थानाधिकारी ने बताया कि सागवाडा निवासी जयदीप उर्फ जुगनु पिता मोहनलाल कलाल अपने साथी प्रितम शर्मा के साथ 9 फरवरी को अपने ईनोवा वाहन से चितरी शादी समारोह में शरीक होकर लौट रहा था, घटना स्थल कानडकुआ पुर्नवास कॉलोनी सागवाड़ा पहुंचे कि रोड के पास 8-10 व्यक्तियो ने हाथो मे पत्थर डंडे लेकर उसकी गाडी को रुकवाने की कोशिश की। लेकिन गाड़ी नही रोकने पर उक्त सभी ने पत्थरो से वाहन पर हमला कर दिया जिससे इनोवा गाडी के शीशे टूट गये। प्रार्थी स्वयं व अपने मित्र की जान बचाता हुआ वहा से भाग छुटा इस तरह उक्त रात को करीब 5-7 वाहनों के शीशे भी इसी तरह से वाहन को रोकते समय पत्थर बाजी कर तोड़ दिये गये। घटना को लेकर थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत के नेतृत्व में लक्ष्मण लाल उप निरीक्षक, मीना कुमारी उप निरीक्षक, दिग्विजय सिंह एएसआई भुपेन्द्र सिंह, यशपाल सिंह, भानु प्रताप सिंह की टीम ने जानकारी प्राप्त कर तकनिकी साक्ष्य संकलन किये व घटना स्थल के पास मौजूद व्यापारिक प्रतिष्ठान व निवासीयो से पुछताछ की तो पता चला कि निलेश पिता कान्ति लाल डामोर मीणा निवासी कानड कुआ पुर्नवास कॉलोनी सागवाडा जो संदिग्ध होकर गत रात्री को शराब के नशे में इसी इलाके में घुम रहा था। सुचना पर जांच की ओर करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद निलेश तथा उसके सहयोगी कैलाश पिता वज्जा डेण्डोर मीणा, राहुल पिता धुलेश्वर खराडी व पंकज पिता डायालाल डेण्डोर निवासी कानडकुआ पुनर्वास कॉलोनी को डिटेन कर पुछताछ हेतु थाने पर लाये, पहले तो घटना के बारे मे अनभिज्ञता जाहिर करते रहे फिर मनोवैज्ञानिक तरीक से पुछताछ में चारो अभियुक्तो ने अपने अपराध को कबुल किया तथा अपने अन्य साथियो के साथ साथ पुरे घटनाक्रम की जानकारी दी। घटना में शरीक 3 विधि से संघर्षरत बालको को बाद अनुसंधान उनकी सकुनत से निरूद्ध कर प्रिंसीपल बोर्ड ज्येनाईल जस्टीस के सदस्य प्रस्तुत किये गये। वही मामले से जुड़े तीन फरार अभीयुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।



### एक ही परिवार के सदस्य शराब के नशे में वाहनों पर कर रहे थे पथराव, लुट की थी योजना

प्रकरण मे गिरफ्तार सभी अभियुक्तगण शराब पीने के आदि है। एवं आपस मे एक ही परिवार के एवं रिश्तेदार है एवं सभी हम उम्र होने के कारण अच्छे दोस्त है। जिस कारण सभी एक शादि में मिले जहा पर निलेश ने सभी को ईकठ्ठे किया एवं एक गैंग बनाई व योजन बनायी कि सभी मिल कर सागवाडा गलियाकोट स्टेट हाईवे पर आने जाने वाली गाडियो को लुट लेते है। फिर जो पैसे मिलेंगे उससे शराब पियेंगे एवं मौज शोक करेंगे। फिर सभी शराब के नशे मे स्टेट हाईवे पर गये जहां पर स्टेट हाईवे पर आने जाने वाली गाड़ियों को रोक कर लुटने का प्रयास किया। गाडिया जब नही रूक पायी तो सभी ने मिल कर रास्ते के किनारे पडे बडे बडे पत्थर उठा कर गाडियो पर फैक कर कांच फोडने शुरू किये।

# पाटीदार समाज ने अपने विकास के साथ साथ अन्य समाजों को भी आगे बढ़ाने का काम किया

- माँ उमिया धाम चितरी में मूर्ति प्रतिष्ठा के साथ कार्य म की पूर्णाहुति, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने भाग लिया
- एनआरआई रमेश पटेल ने माँ उमिया धाम के विकास में भामाशाहों के योगदान पर सब का आभार जताया







**सागवाडा।** चितरी में बने राजस्थान के पहले उमिया माता का मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शनिवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल पहुंचे। पाटीदार समाज की ओर से उनका स्वागत किया गया। तलवार और सिंह भेंट कर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल का सम्मान किया गया। समिति के सदस्य एनआरआई रमेश पटेल ने स्वागत उद्बोधन दिया। इससे पूर्व मंदिर में माँ उमिया की मूर्ति स्थापित की गई। शिखर कलश की स्थापना के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहाँ कि पाटीदार समाज ने अपनी विकास के साथ साथ अन्य समाजों को भी आगे बढ़ाने का काम किया है। ये मेरा सौभाग्य है कि राजस्थान में माँ उमियाँ के बने पहले मंदिर के दर्शन मिले। पाटीदार समाज मेहनत करके आगे बढ़ा है इसलिए वह दूसरों की तकलीफ़ को समझता है। समाज ने हमेशा फल की चिंता किए बिना काम किया है इसलिए वह आज आगे बढ़ रहा है। गुजरात के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में देश और दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है। पीएम मोदी ने वर्ष 2008 में कच्छ रण महोत्सव की शुरुआत के समय कहा था कि यहाँ एक समय मे देश और दुनिया एकत्र होगी। अब गुजरात के कच्छ में जी 20 समीट का आयोजन होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र है सबका साथ सबका विकास इसी कार्य में हम सब जुटे हुए हैं। आज इस क्षेत्र में शक्ति की स्थापना हुई है। जहाँ शक्ति की स्थापना होती है वहाँ कोई कमी नहीं रहती। राजस्थान का हर व्यक्ति समृद्ध हों राजस्थान भी विकास की राह में आगे बढ़ें। एनआरआई रमेश पटेल ने माँ उमिया धाम के विकास में भामाशाहों के योगदान पर सब का आभार जताया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के हाथों भामाशाहों का सम्मान कराया गया। कार्यक्रम में सागवाडा पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, प्रेम कुमार पटीदार सहित आयोजन में राजनैतिक हस्तियों सहित अन्य प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हुए।

# महिला ने फंदा लगाकर किया सुसाइड, भतीजे की शादी के मंडप में गया था पति, अब नए मुहूर्त में होगी शादी

**डूंगरपुर।** चोरासी थाना क्षेत्र के मांडेला उपली गांव में एक महिला ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है। महिला के पति समेत परिवार के सभी लोग भाई के बेटे की शादी के मंडप में गए थे, जिसे भी कैंसिल करना पड़ा। घर पर अकेली महिला के फंदा लगाने के बाद हड़कंप मच गया। वहीं, शादी की खुशियां भी मातम में बदल गई। अब नए मुहूर्त में शादी होगी।चोरासी थानाधिकारी अमृतलाल मीणा ने बताया कि मांडेला उपली निवासी भरतलाल खराड़ी ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार को उसके बड़े भाई देवीलाल के बेटे निखिलेश की शादी का मंडप था। वह और उसके तीन बच्चे सुबह से 300 मीटर दूर भाई के घर मंडप की तैयारियों में थे। परिवार में शादी की खुशियों का माहौल था। पत्नी दुर्गा भी घर के काम पूरे कर मंडप में आने वाली थी, लेकिन इसी बीच सबसे छोटा बेटा अशोक खेलते हुए अपने घर गया। घर के अंदर मां दुर्गा को रस्सी से फंदा लगाकर बल्ली से लटका देखा। इसे देख वह जोर से चिल्लाया। इस पर आसपास के लोग आ गए। दुर्गा को फंदे से नीचे उतारा, लेकिन उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया। वहीं, घटना की सूचना पर चोरासी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी लेकर शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। पति ने बताया की दुर्गा कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार थी। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं, दुर्गा के जेठ देवीलाल के बेटे की शादी का मंडप भी कैंसिल करना पड़ा। 16 फरवरी को होने वाली शादी भी कैंसिल कर दी है। परिवार के लोगों ने बताया कि अब नया मुहूर्त देखकर शादी करवाई जाएगी। महिला की मौत से उसके तीन बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है।

# भारतीय किसान संघ ने बजट को लोक लुभावन और सचाई से परे बताया

**सागवाडा।** भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री की ओर से पेश किए गए बजट को लोक लुभावन और सचाई से परे बताया है। पुरानी घोषणाओं को पूरा नहीं करने से प्रदेश का किसान राय सरकार से नाराज हैं। भारतीय किसान संघ के मीडिया प्रभारी लल्लु राम बिजुला न बताया कि पुराने बजट घोषणाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं होने तथा पूरानी 95 फीसदी से अधिक घोषणाएं अधूरी हैं। किसान फसल खरीद, बिजली आपूर्ति, आपदा सहित विभिन्न समस्याओं से परेशान हैं और राय सरकार वादे करके वाहवाही लूट रही है। किसानों को सिंचाई के लिए चार से पांच घण्टे बिजली भी नहीं मिल रही तो निःशुल्क बिजली की घोषणा पर आस कैसे रखें। सरकार ने पहले भी किसानों के लिए अलग बिजली निगम बनाने, तीन फेज बिजली देने, 2023 में कृषि कनेक्शन की पेंडेन्सी खत्म करने, सोलर कनेक्शन देने जैसी घोषणाएं की थी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर में 146 प्रकरणों का निस्तारण

**सीमलवाड़ा ।** राजस्थान राज्य विधीक सेवा प्राधिकरण के निर्देशनुसार शनिवार को इस साल का पहला राष्टीय लोक अदालत शिविर का आयोजन किया गया। विधीक सेवा समिति सीमलवाड़ा के अध्यक्ष सिविल जज मुकेश कुमार रेगर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

पैनल अधिवक्ता श्रवण रावल एवं उपखण्ड अधिकारी चिखली अमित चौधरी, तहसीलदार विवेक गरासिया, सहायक अभियंता हर्षद पंचाल विद्युत निगम सहित उपस्थित रहे । इस साल की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में 13 प्रकरण फौजदारी के निस्तारित हुए एवं धारा 138 के 7 प्रकरण, सिविल मामले में 1 प्रकरण, भरण पोषन से संबंधित 6 प्रकरणो का निस्तारण किया गया । साथ ही विधुत प्रकरण के 80 प्रकरणमें 5 लाख की अवार्ड राशि पारित की एवं बैंक ऋण से संबंधित 39 प्रकरण निस्तारित किये जिनकी राशि 41 लाख 70 हजार 7 सौ रुपये का सेटलमेंट किया गया। कुल 146 प्रकरण निस्तारित किए। जिसमे कुल अवार्ड राशि 52 लाख72 हजार सौ रुपए का अवार्ड पारित किया गया।

इस मौके पर रीडर हरिशंकर गमेती, सचिव रमन लाल , बंसीलाल, दुष्यंत वैष्णव , दशरथ डामोर , पीएलवी गौरव पंड्या उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**सागवाडा।** जनसंघ के संस्थापक सदस्य व अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर मायार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण किया। पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नारायणलाल दर्जी एवं भट्ट ने पंडित से प्रेरणा लेते हुए उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पंडित के एकात्म मानवदर्शन के सिद्धांतों पर कृत संकल्पित होकर अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए नियमित रूप से जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम मानवी के जीवन को बदलने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

इस अवसर पर नगर महामंत्री नीरज पंचाल, दशरथ खटिक, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री दिलीप पटेल, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री यशवंत गवारिया, पार्षद माया गोगरोत, जगदीश मोची, दिनेश गोगरोत, प्रदीप गामोट, किशोर सेवक सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण करते हुए श्रदांजलि अर्पित की।

# पंचाल समाज का सामूहिक विवाह समारोह में 18 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**सीमलवाड़ा ।** चौथिया चौरासी पंचाल समाज की नवम सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ। विश्वकर्मा मंदिर उंडवा में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 18 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में मुख्य अतिथि प्रधान कारी लाल ननोमा, गुजरात भिलुड़ा विधायक पीसी बरंडा की अध्यक्षता एवं विशिष्ठ अतिथि कौशिक एन पटेल, हिमांशु भाई पटेल, रमेश भाई मगन भाई पंचाल रहे। वहीं सामूहिक विवाह समिति प्रमुख जयंती भाई पंचाल, विश्वकर्मा प्रगति मंडल प्रमुख शिवा भाई पंचाल, किरण भाई पटेल, सुभाष भाई, समाज अध्यक्ष रमेश भाई पंचाल झलाई, मशुर भाई, जेमा भाई, बाबू भाई सहित का आतिथ्य रहा। समारोह में भामाशाह प्रकाश भाई,किरण भाई, हार्दिक भाई, मधु बेन जसवंत पंचाल, चंदा बेन सहित का स्वागत अभिनंदन किया गया। संचालन मनोज पंचाल ने किया। समारोह में दुल्हा दुल्हन शुभ मुहूर्त में मंडप में पहुंचे। जीवन भर साथ निभाने सात फेरे लिए। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद रहे।




ज़ील चैरिटेबल ट्रस्ट एवं ज़ील हॉस्पिटल के तत्वाधान से

NABH H-2023-1110

ZEEL MULTISPECIALITY HOSPITAL

## मोतियाबिंद का नि:शुल्क इलाज

प्रथम 500 रजिस्ट्रेशन पर

28 फरवरी 2023 तक

100 ऑपरेशन शेष

नोट: आधार कार्ड व पेन कार्ड लाना अनिवार्य है।

नेत्र रोग विभाग के अंतर्गत पाएं निम्नलिखित समस्याओं की जाँच एवं उपचार

- मोतियाबिंद
- काला मोतिया
- आंखो के चारों ओर लाल होना
- नखूना एवं नासूर
- खुजली या जलन
- आंखो को बंद करने में दिक्कत
- धुंधली नजर
- भेंगापन व तिरछापन
- आंखो से अतिरिक्त पानी गिरना
- दोहरी नज़र
- पलक पर गांठ का बनना
- निकट या दूर देखने में कठिनाई
- आंखो में दर्द
- नज़र क्षेत्र के केंद्र में अंधेरा

हॉस्पिटल में उपलब्ध ऑपरेशन की सुविधा

- मोतियाबिंद का ऑपरेशन
- नखूना एवं नासूर
- चश्मे के नंबर की जाँच
- कालापानी की जाँच व ऑपरेशन
- कांच बिंदु
- झिल्ली हटाने का ऑपरेशन

नोट: आधार कार्ड व पेन कार्ड लाना अनिवार्य है।



ज़ील मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल
रुद्रप्रयाग, सागवाड़ा - 314025, जिला - डूंगरपुर (राजस्थान)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करे: 9351230476

ईमरजेंसी नम्बर 9462996299

treatment@zeelhospital.com